## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक लाख के इनामी सहित 4 नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। सुकमा जिला पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 1 लाख के इनामी सहित 4 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सुकमा एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि थाना कोंटा से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए मुरलीगुड़ा की ओर रवाना किया गया था। तभी जंगल में दो संदिग्ध व्यक्तियों को भागते हुए गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये बारसे राजा (आरपीसी अध्यक्ष मेहता पंचायत) और मड़कम बंडी से पूछताछ करने पर नक्सली गतिविधियों में शामिल होना पाया गया। इनमें से डीकेएमएस अध्यक्ष मड़कम बंडी पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा है। दोनों नक्सली सुकमा जिले गोलापल्ली के निवासी हैं, इनके द्वारा अभी हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ के पास बम लगाने का आरोप है। एक अन्य कार्रवाई में चिंतलनार थाना क्षेत्र के ग्राम कोताग़ुड़ा और तिमिरगुड़ा के मध्य नाले के पास दबिश देकर मड़कम देवा उर्फ वड्डे को गिरफ्तार किया गया है, यह पूर्व डीकेएमएस अध्यक्ष रहा है। इस पर मोटरसाइकिल लूटने व मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। इसी जिले में ही जगरगुंडा थाना इलाके में ग्राम विलियमपल्ली एवं राजपेंटा के मध्य घेराबंदी कर डीकेएमएस में सदस्य लेकाम कामा को गिरफ्तार किया गया है। इस पर चिंतावागू नाला के पास रोड में आईडी ब्लास्ट कर फायरिंग करने का आरोप है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

दुर्ग (आरएनएस)। राजीव नगर वार्ड-2 निवासी रामेश्वर यादव 28 वर्ष पिता पंचराम यादव ने रविवार की दोपहर घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण फिलहाल अज्ञात है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच पर लिया है।

### एसबीआई में 12 से हो रहा खातेदारों के लिए बड़ा बदलाव

रायपुर (आरएनएस)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई के गवर्नर के निर्देश पर 12 दिसंबर से अपने खातेदारों द्वारा चेक सिस्टम को बदलकर अंतराष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम को ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रारंभ कर रही है। चेक जमा होने के बाद क्लीरेंस होने में लगने वाले समय को बचाने के लिए यह नई सुविधा इजाद की जा रही है। ज्ञातव्य है कि अंतराष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम अपने खातेदारों को आधुनिकतम तकनीकों के आधार पर लेनदेन की आसान सुविधा उपलब्ध करा चुका है। ऐसी स्थिति में विश्व स्तरीय आर्थिक क्षेत्र में खातेदारों को अपडेट करने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने दो नियमों में बदलाव कर ग्राहकों को नई सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

### चुनाव प्रचार के लिए सीएम 5 को राजस्थान जाएंगे

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री रमन सिंह तेलंगाना के बाद अब राजस्थान में चुनाव प्रचार के लिए जायेंगे। वे 5 दिसंबर को राजस्थान में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री सिंह इस दौरान रैलियां और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### अलमारी के लाकर से 50 हजार रुपये पार

रायपुर (आरएनएस)। घर में घुसकर अलमारी के लाकर से 50 हजार रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट प्रार्थी ने पण्डरी थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मनोज चौधरी 49 वर्ष पिता किशोरीलाल चौधरी निवासी सी 3 अशोका रतन खम्हारडीह थाना पण्डरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 26 नवंबर से 01 दिसंबर के दरमियान किसी ने घर में घुसकर आलमारी के लाकर में रखे 50 हजार रुपये की चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में पुलिस ने लिया है।

### नक्सलियों के पास से बरामद हुआ ठेकेदार का तीन लाख का चेक

जगदलपुर (आरएनएस)। पुलिस ने मुठभेड़ की रिकवरी की जांच के दौरान माओवादियों द्वारा मारे गए ठेकेदार हरिशंकर साहू का तीन लाख का चेक व उनका मोबाइल व उनके मुनीम का मोबाइल बरामद किया है। बता दें कि पिछले गुरुवार को सुकमा दंतेवाड़ा बॉर्डर मुलेर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई थी। जिसमें पुलिस ने एसएलआर राइफल सहित एक माओवादी का शव बरामद किया था। ज्ञात हो कि माओवादियों ने बीते दिनों सड़क निर्माण में लगे भिलाई के एक ठेकेदार हरिशंकर साहू की हत्या कर दी थी।

### परीक्षा फीस वृद्धि पर अभाविप कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूटा

विकासनगर (आरएनएस)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फीस वृद्धि पर सोमवार सुबह अभाविप कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने प्राचार्य का घेराव करते हुए खूब हंगामा काटा। कार्यकर्ताओं ने जल्द फीस में की गई वृद्धि वापस न लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।सोमवार सुबह कार्यकारी अध्यक्ष प्रियता खत्री के नेतृत्व में अभाविप कार्यकर्ता कॉलेज में एकत्र हुए। उन्होंने प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा फीस में की गई वृद्धि पर विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा काटा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष में घुसकर प्राचार्य डॉ. केएल बिष्ट का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने परीक्षा फीस में की गई वृद्धि पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अधिकांश छात्र-छात्राएं निम्न वर्गीय परिवारों से सम्बंधित हैं।

# 2 से 4 सीट का अंतर डाल सकता है भाजपा-कांग्रेस को मुश्किल में

## जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन की स्थिति कुछ सीटों पर मजबूत





रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर अब राजनीतिक पंडितों ने नया आंकड़ा पेश कर भाजपा-कांग्रेस की चिंता बढ़ा दी है। चुनाव परिणाम में यदि सीटों की संख्या बराबर हुआ अथवा एक-दो सीट का भी अंतर आया तो सरकार बनाने के लिए जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन और भाकपा से समर्थन लेना दोनों ही दलों की मजबूरी होगी।

राज्य की 90 सीटों वाले विधानसभा चुनाव में इस बार जोगी कांग्रेस और बसपा के गठबंधन के साथ ही भाकपा ने भी दमदारी से चुनाव लड़ा है। जोगी कांग्रेस और बसपा गठबंधन से यदि 6-8 सीट भी जीत ली जाती है और भाकपा के खाते में भी यदि दो सीट आ जाती है तो भाजपा-कांग्रेस के चुनावी समीकरण पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा। दोनों ही दलों ने गठबंधन से इंकार किया है। ऐसे में यदि भाजपा और कांग्रेस को बराबर सीटें मिलती अथवा एक-दो सीटों का अंतर आता है तो भी सरकार बनाने के लिए सहयोग लेना मजबूरी हो जाएगी। ऐसे में सहयोग करने वाली पार्टी अपनी शर्तों पर दोनों ही दलों को झुकाने का माद्दा रखती है।

इधर राजनीति के जानकारों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियां इसी ओर इशारा कर रही है। राज्य की भाजपा सरकार पूर्व में 65 प्लस का नारा दे रही थी। लेकिन प्रदेशवासियों के अब तक के रूझान और मतदान पश्चात हुए आंकलन के बाद भाजपा नेताओं के सुर बदल चुके हैं। भाजपा के नेता पूर्ण विश्वास से यह नहीं कह पा रहे हैं कि पिछले तीन बार की तरह चौथी बार भी उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगी। दूसरी ओर इस मामले में कांग्रेस पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रही है। हालांकि कांग्रेस को ईवीएम में और मतगणना के दौरान गड़बड़ी की आशंका अभी भी खाए जा रही है। यही वजह है कि कांग्रेस लगातार अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सर्तक रहने कह रही है। इन सब से जुदा जोगी कांग्रेस-बसपा गठबंधन और भाकपा शांत है।

# 11 लाख 33 हजार रुपए की मजदूरी राशि गबन करने वाले पूर्व सरपंच, सचिव गिरफ्तार



पखांजूर (आरएनएस)। मजदूरों की राशि गबन करने के मामले में पुलिस ने कोदापाखा के पूर्व सरपंच बृजलाल धुर्व और सचिव मानिक कक्षो को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 लाख 33 हजार रुपए की मजदूरी राशि गबन करने का आरोप है। मामला दुर्गकोंडाल ब्लाक के ग्राम कोदापाखा का है। मामले की शिकायत 2015 में लगभग 500 ग्रामीण की मजदूरी राशि 11 लाख 33 हजार नहीं मिलने पर सीईओ अशोक ठाकुर ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। इसमें जांच के बाद पूर्व सरपंच बृजलाल धुर्व और सचिव माणिक कक्षो को आरोपी पाया गया।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश करने की तैयारी में है। बता दें कि वर्ष 2015 में लगभग 500 ग्रामीण मजदूरों का मजदूरी राशि नहीं मिली थी। मजदूरों ने इसकी शिकायत जनपद सीईओ से थी। सीईओ ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी।

### दिव्यांगों को बांटे जाएंगे कृत्रिम अंग

पौड़ी (आरएनएस)। श्रीनगर में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में सात दिसंबर को दिव्यांगों को सहायक कृत्रिम अंग बांटे जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर कार्मिकों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि स्टॉलों के माध्यम से मतदाता सूची में छूटे गए दिव्यांगों के नाम भी सम्मिलित करने, संशोधन करने के अलावा उन्हें स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएं।

### कैंसर से जीतकर मुंबई लौटीं सोनाली बेंद्रे



बॉलिवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे पिछले 6 महीने से न्यू यॉर्क में कैंसर से लड़ाई लड़ रही थीं और अब सोनाली पूरी तरह स्वस्थ होकर भारत वापस आ गई हैं! बीती शाम मुंबई लौटी सोनाली ने जब एयरपोर्ट पर मीडिया कैमरों को देखा तो इमोशनल हो गई। वह लगातार अपने हाथ जोड़ कर धन्यवाद कह रही थीं।

एयरपोर्ट पर सोनाली मीडिया के कैमरे देखकर इमोशनल हो गई और हाथ जोड़कर अपने चाहने वालों को कहा, थैंक यू सो मच... मुझे मेरे फैंस ने इतना प्यार दिया है कि मैं उन्हें धन्यवाद कहकर पूरा नहीं कर सकती।

सोनाली के हज्बेंड गोल्डी बहल ने कहा, सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया। करीब 6 महीने हो चुके हैं, मैं सबको बताना चाहता हूं कि अब सोनाली ठीक हैं, वह बहुत अच्छी तरह रिकवर कर रही हैं। मैं उनके सभी फैंस और चाहने वालों का शुक्रिया करता हूं, जिनके प्यार, प्रेयर और सपॉर्ट से वह स्वस्थ हो गई हैं।

# दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में लंबी दूरी की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना नहीं होगा आसान

**वेटिंग लिस्ट बढ़ी**

**क्रिसमस और नव वर्ष मनाने बड़ी संख्या में लोगों ने एक-दो माह पहले से ही करा चुके है रिजर्वेशन**

रायपुर (आरएनएस)। दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में यानी 15 तारीख के बाद लंबी दूरी की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट आसान नहीं होगा। इस माह में जहां क्रिसमस एवं शीतकालीन की छुट्टियां लग रही है, तो वहीं 1 जनवरी से नव वर्ष 2019 की शुरुआत होने जा रही है। क्रिसमस की छुट्टियों के साथ नववर्ष मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों द्वारा एक-दो माह पहले से ही ट्रेनों में बुकिंग भी करा ली है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ से एवं छग से होकर दिल्ली, मुंबई सहित अन्य दूसरे राज्यों में जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट भी बढ़ गई है। वेटिंग लिस्ट बढ़ने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों में दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में लोगों को कन्फर्म टिकट मिलना आसान नहीं होगा।

चालू माह में 25 तारीख को क्रिसमस है। चूंकि स्कूलों-कॉलेजों में क्रिसमस और शीतकालीन की छुट्टियां एक साथ दी जाती है। स्कूलों-कॉलेजों में शीतकालीन एवं क्रिसमस की छुट्टियां लगने के बाद 1 तारीख से नव वर्ष 2019 की शुरूआत होने जा रही है। इस तरह क्रिसमस और नववर्ष को लेकर बच्चों, युवाओं के साथ बड़े-बुजुर्गों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टियां लगने से बच्चें अपने दोस्तों, परिजनों के साथ क्रिसमस और नववर्ष के साथ शीतकालीन छुट्टियों को सेलीब्रेट करने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों के शहरों के धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर जाते है। इसके कारण कई लोगों ने एक-दो माह पहले से ही ट्रेनों में रिजर्वेसन करा लिया है ताकि उन्हें कन्फर्म टिकट मिल सके। वहीं कई लोग दिसंबर माह शुरू होते ही रिजर्वेसन कराने स्टेशनों के आरक्षण काउंटरों में पहुंच रहे है। इसके अलावा लोग ऑनलाईन भी रिजर्वेसन करा रहे है। हालांकि दिसंबर माह में छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में जाने वाली लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों में बुकिंग होने के कारण वेटिंग लिस्ट बढ़ी हुई है। लोगों को अब इस माह के दूसरे पखवाड़े यानी 16 से 31 दिसंबर तक कन्फर्म टिकट मुश्किल से मिल रहा है।

### पानीपत में बोल्ड लुक में नजर आयेंगे संजय दत्त



बॉलीवुड के माचोमैन संजय दत्त आने वाली फिल्म पानीपत में बोल्ड लुक में नजर आएंगे। बॉलीवुड निर्देशक आशुतोष गोवारिकर इन दिनों फिल्म पानीपत बना रहे हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर और संजय दत्त की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म के लिए सबसे पहले अर्जुन कपूर को गंजा होना पड़ा था क्योंकि उनके किरदार की मांग थी। अब चर्चा है कि संजय दत्त फिल्म के लिए बोल्ड लुक लेने वाले हैं। इससे पहले संजय दत्त फिल्म अग्निपथ के लिए भी ऐसा कर चुके हैं। वो फिल्म में कांचा के रोल में नजर आए थे।

### रोजगार न दिए जाने पर बेरोजगार खफा



पौड़ी (आरएनएस)। बीपीएड, एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन ने बैठक कर बीते दिनों देहरादून में मुख्यमंत्री आवास कूच के दौरान कई प्रशिक्षित बेरोजगारों को गिरफ्तार करने की घटना की निंदा की है। कहा कि बीपीएड, एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगार लंबे समय से सरकार से रोजगार दिए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर अमल न किए जाने से उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं का कहना था कि रोजगार न मिलने से कई प्रशिक्षित बेरोजगार आयु सीमा भी पार कर चुके हैं। कहा कि देहरादून में पहले प्रशिक्षितों को गिरफ्तार किया गया और शाम को छोड़ दिया गया। गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई पर भी संगठन ने खासी नाराजगी जताई। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष रमेश गुसाई, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला संयोजक आलोक नैथानी, जिला संयोजक विनीता चौहान, कोषाध्यक्ष सुषमा कंडारी, गौरव नेगी, नरेंद्र, मनोज आदि शामिल थे।

### गश्त पर निकली पुलिस ने पकड़े 5 चोर, 3 नाबालिग

कोरबा (आरएनएस)। रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने एक दुकान में चोरी करने घुसे 3 नाबालिग सहित 5 चोरों को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार रविवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे कुसमुंडा थाना प्रभारी विजय चेलक, एएसआई अल्फोन्स टोप्पो व स्टाफ गश्त पर निकले थे। इस दौरान गेवरा बस्ती दुर्गा मंदिर के पास संचालित गैजेट स्टोर के पास एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा मिला। उससे पूछताछ में संदेह होने पर पुलिस ने हिरासत में लिया व दुकान का शटर उठाया तो भीतर 4 और युवक मिले।

इनके द्वारा टी-शर्ट को झोला बनाकर दुकान से 5 मोबाइल, पावर बैंक, 37 हेडफोन, 3 बैटरी, 2 मोबाइल स्पीकर कुल कीमत 10 हजार रुपए को रखा गया था। पुलिस ने सभी को थाना लाया।

रात में ही सूचना पर दुकान का संचालक निर्जेश कश्यप थाना पहुंचा। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सुमित कुमार 20 वर्ष, पंकज बिंझवार 18 वर्ष एवं 3 नाबालिग आरोपियों सभी निवासी ग्राम खोडरी के विरुद्ध धारा 457, 380, 34 भादवि का जुर्म दर्ज किया गया। पूछताछ में इन्होंने ग्राम धरमपुर की एक दुकान से दीवाली त्यौहार के दौरान कम्प्यूटर की चोरी करना भी स्वीकार किया। निशानदेही पर चोरी किए गए कम्प्यूटर को भी जब्त किया गया।

### 70 की होने तक बहुत सारी नई चीजें करना चाहती हूं: करीना



बॉलीवुड की शीर्ष अभिनेत्रियों में शुमार करीना कपूर खान फिल्मों करने के साथ-साथ रेडियो शो में भी अपना हाथ आजमा रही हैं। एक बच्चे की मां करीना इस मुकाम पर ही रुकना नहीं चाहती। उनका कहना है कि वह 70 वर्ष होने तक बहुत सारी चीजें करना चाहती हैं।

रिफ्यूजी फिल्म के साथ वर्ष 2000 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली करीना बाद में अजनबी, अशोका, चमेली, युवा, ओमकारा, जब वी मैट, हिरोइन, सत्याग्रह,की एंड का,उड़ता पंजाब जैसी फिल्मों में दिखीं। उन्होंने पिछले महीने इश्क 104.8 एफएम पर अपना एक नया शो व्हट वुमेन वांट विद करीना कपूर शुरू किया है।

# दूध पीते वक्त कहीं आपका बच्चा भी तो नहीं हांफता ? हो सकती है ये बीमारी



अगर फीडिंग यानी दूध पीते वक्त आपके बच्चे की सांस फूलने लगती है तो ये चिंता की बात है। इसके लिए आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए. दूध पीते वक्त ध्यान दें, अगर बच्चे की सांसे तेज होने लगे है तो ये बात गंभीर हो सकती है. इस समय बच्चे के हांफने का कारण दिल की बीमारी हो सकती है. इसकी जांच करवाना जरूरी है. विशेषज्ञों की मानें तो दिल की बीमारी के 95-97 फीसदी लक्षण जन्म से ही दिखने लगते हैं. जबकि कुछ मामले ऐसे भी होते हैं जिसके लक्षण उम्र के साथ दिखते हैं. इसी के साथ दूध पीते हुए बच्चे को ज्यादा पसीना आना, बार-बार निमोनिया होना, छाती में संक्रमण, कमजोरी, शरीर का रंग नीला होना भी दिल की बीमारी के संकेत हो सकते हैं. लक्षण दिखने के बाद बीमारी का पता लगाने के लिए इको टेस्ट किया जाता है. अगर बीमारी का सही समय पर पता लग जाए तो इसका इलाज संभव है. इसके लिए सर्जरी करवाई जा सकती है. देश के हजार में से 8 बच्चे इस तरह की बीमारी का शिकार हैं. इन बच्चों में से बहुत कम ऐसे हैं जिन्हें सही इलाज मिल पाता है. जिसमें लड़कियों की संख्या बहुत कम है.

# वैज्ञानिकों ने हवा से पानी सोखने वाला अनोखा उपकरण विकसित किया



दुबई। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा साधारण सा उपकरण विकसित किया है जो हवा से पानी सोख सकता है और धूप की गर्मी से इसे छोड़ सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि यह खोज सुदूर बंजर इलाकों में पेयजल का नया सुरक्षित स्रोत प्रदान कर सकती है। दुनियाभर में पृथ्वी के वायुमंडल की हवा में करीब 13 हजार अरब टन पानी है।

इस पानी को प्राप्त करने के लिए कई उपकरण विकसित किये गये लेकिन वे या तो इस काम में अक्षम साबित हुए या महंगे और जटिल साबित हुए। सऊदी अरब की किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अनुसंधानकर्ताओं ने नया उपकरण विकसित किया है जिसमें सस्ते, स्थिर, विषाक्तता रहित नमक और कैल्शियम क्लोराइड का इस्तेमाल किया गया।